# किडनी रैकेट का मकड़जाल

**400** से 550 मरीजों की किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी अपोलो अस्पताल में प्रतिवर्ष होती हैं

**20** वर्ष में दिल्ली सहित एनसीआर में किडनी रैकेट के आठ से अधिक बड़े मामले सामने आ चुके हैं

### सरगना भी था डोनर

- **रसेल:** रैकेट का सरगना। बांग्लादेश का मूल निवासी, 12वीं पास। वर्ष 2019 में पहली बार दिल्ली आया और एक बांग्लादेशी मरीज को अपनी किडनी दी थी। इसके बाद किडनी ट्रांसप्लांट का अवैध धंधा शुरू कर दिया। बांग्लादेश के किडनी डोनर और रोगियों से संपर्क स्थापित कर बांग्लादेश में रहने वाले साथी इफ्ति से मिलवाता था।
- डा. डी. विजया राजकुमारी: इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल सरिता विहार में किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन और ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट स्थित यथार्थ अस्पताल में विजिटिंग कंसल्टेंट।
- मोहम्मद सुमोन मियां: रसेल का बहनोई। बांग्लादेश का मूल निवासी और 12वीं पास। वर्ष 2024 में भारत आया था, तब से रसेल के साथ उसकी अवैध गतिविधि में शामिल हो गया। किडनी रोगियों के पैथोलाजी परीक्षणों का ध्यान रखता था।
- मोहम्मद रोकोन उर्फ राहुल सरकार उर्फ विजय मंडल: बांग्लादेश का मूल निवासी और 12वीं पास। रसेल के निर्देश पर किडनी डोनर और मरीजों के नकली दस्तावेज तैयार करता था। वर्ष 2019 में उसने भी एक बांग्लादेशी नागरिक को अपनी किडनी दान की थी।
- रतेश पाल: त्रिपुरा का रहने वाला और 12वीं पास। रसेल, सुमोन और रोकोन के साथ बांग्लादेश से मरीजों और डोनर को लाने में मदद करता था।
- मोहम्मद शारिक: उत्तर प्रदेश का निवासी और बीएससी पास। मेडिकल लैब तकनीशियन का कोर्स कर रखा है। रोगियों और किडनी दानदाताओं की प्रत्यारोपण फाइलों के संबंध में निजी सहायक विक्रम और डा. विजया के साथ समन्वय बनाता था।
- विक्रम सिंह: उत्तराखंड का मूल निवासी और 12वीं पास। वर्तमान में फरीदाबाद में रहता है और डा. विजया का सहायक है।

### आरोपितों से बरामद सामान

- विभिन्न रोगों के प्रमुख डाक्टरों के 23 स्टाम्प, नोटरी
- किडनी रोगियों और डोनर की छह जाली फाइल
- अस्पतालों के जाली दस्तावेज
- जाली अधार कार्ड
- जाली स्टिकर
- खाली स्टाम्प पेपर
- पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, दो लैपटाप
- आठ मोबाइल फोन
- 1,800 यूएस डालर

## काले धंधे के लिए कुख्यात रही है दिल्ली

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** किडनी रैकेट का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। किडनी की खरीद-फरोख्त के मामले पहले भी आते रहे हैं और किडनी प्रत्यारोपण के काले धंधे में दिल्ली कुख्यात रही है। निजी क्षेत्र के कई बड़े नामचीन अस्पतालों के कई डाक्टर किडनी रैकेट के खेल में शामिल रहे हैं। इस वजह से बड़े अस्पतालों के दामन पर भी दाग लगते रहे हैं। फिर भी किडनी रैकेट का खेल रुक नहीं रहा है।

पिछले 20 वर्षों में दिल्ली सहित एनसीआर में किडनी रैकेट के आठ से अधिक बड़े मामले सामने आ चुके हैं। इस खेल में शामिल लोग आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर फर्जी दस्तावेजों के सहारे मरीज का नजदीकी रिश्तेदार बताकर किडनी दान कराते हैं। डाक्टर बताते हैं कि किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत और कैडेवर (ब्रेन डेड) डोनर अंगदान कम होना इस किडनी रैकेट का एक बड़ा कारण है। भारत में ही हर वर्ष करीब दो लाख लोगों को किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत होती है, लेकिन पांच से छह हजार लोगों की ही किडनी प्रत्यारोपण हो पाती है। अब विदेशी नागरिक भी प्रत्यारोपण के लिए एनसीआर आने लगे हैं। ऐसे में, अब किडनी रैकेट का भी दायरा बड़ा है। बांग्लादेश, म्यांमार सहित कई देशों से मेडिकल वीजा पर गरीब लोगों को यहां लाकर भी किडनी की खरीद-फरोख्त की जा रही है।

### विदेशी मरीजों व डोनर का रिश्ता सत्यापित करता है दूतावास



भारत में विदेश से अंग प्रत्यारोपण और किडनी दान करने के लिए आने वालों के लिए मेडिकल वीजा अनिवार्य होता है। राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के निदेशक डा. अनिल कुमार ने बताया कि यदि किसी विदेशी मरीज का कोई नजदीकी रिश्तेदार भारत में रह रहा हो, तभी वह अंग दान कर सकता है। नजदीकी रिश्तेदारों में माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री, दादा-दादी और नाना-नानी शामिल होते हैं। कोई अन्य भारतीय किसी विदेशी मरीज को किडनी दान नहीं कर सकता है। विदेशी मरीजों को अपने साथ डोनर लाना भी जरूरी होता है। मरीज और डोनर में रिश्तेदारी को प्रमाणित करने की जिम्मेदारी दूतावासों की है, लेकिन फर्जी प्रमाणपत्र के जरिये धोखाधड़ी की जाती है।

### राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शहरों में किडनी प्रत्यारोपण रैकेट के मामले वर्ष 2004 से आ रहे हैं सामने

**2004 अक्टूबर:** दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था, जिसमें अपोलो, गंगाराम अस्पताल व एक बड़े सरकारी अस्पताल के डाक्टरों की भूमिका पर सवाल उठाए गए थे। आरोपितों पर दिल्ली, गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 50 लोगों से किडनी खरीद फरोख्त करने का आरोप लगा था।

**7 जनवरी 2008:** दिल्ली पुलिस ने डा. अमित कुमार गिरफ्तार किया था, लेकिन बाद में उसे रिश्वत लेकर छोड़ने का पुलिस पर आरोप लगा था। इसके बाद पुलिस ने 17 फरवरी 2018 को पुलिस ने उसके भाई को गिरफ्तार किया था।

**24 जनवरी 2008:** गुरुग्राम में सात फरवरी 2008 को गुरुग्राम की पुलिस ने एक झोलाछाप अमित कुमार को नेपाल से गिरफ्तार किया था। तब उत्तर प्रदेश के गरीब लोगों से किडनी खरीदकर अमेरिका, सऊदी अरब और यूरोप के कई देशों के मरीजों को प्रत्यारोपित किया जाता था। गुरुग्राम के एक छोटे से घर में बने क्लीनिक से छह से सात वर्षों तक यह रैकेट चला। इसे देश का सबसे बड़ा किडनी रैकेट माना जाता है। इस मामले में एनसीआर के दो अस्पताल व दस लैब संलिप्त थे। जांच सीबीआइ को भी सौंपी गई थी। दस लोग गिरफ्तार हुए थे, जिसमें से पांच लोगों को सजा हुई थी।

**2016 जून:** दिल्ली पुलिस ने किडनी रैकेट में आरोप में 17 लोगों को गिरफ्तार किया था। इसमें अपोलो अस्पताल के दो कर्मचारी शामिल थे। ये दोनों कर्मचारी डाक्टरों के निजी सचिव थे। वे उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल से गरीब लोगों को पैसों का लालच देकर दिल्ली लाते थे और यहां उनसे किडनी दान कराते थे।

**2017:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने किडनी की खरीद फरोख्त में शामिल महिला समेत चार को गिरफ्तार किया। इस मामले में एक निजी अस्पताल का कर्मचारी भी शामिल था।

**2022 जून:** दिल्ली पुलिस ने किडनी रैकेट का भंडाफोड किया और दो डाक्टरों सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें डा. सौरभ मित्तल मुख्य आरोपित है। सभी आरोपित अभी जमानत पर बाहर हैं। आरोपितों पर गरीब लोगों व धार्मिक स्थलों और अस्पतालों के बाहर रहने वाले लोगों से किडनी की खरीद फरोख्त के आरोप लगे थे। पुलिस ने इस मामले में छह हजार पेज की चार्जशीट फाइल की थी। फिलहाल मामला अदालत में लंबित है। डा. सौरभ मित्तल पहले बीएलके अस्पताल में था। अस्पताल छोड़ने के बाद हरियाणा में क्लीनिक खोला था। वहीं पर किडनी रैकेट चलाने का आरोप है।

**2024 अप्रैल:** गुरुग्राम पुलिस ने किडनी रैकेट में शामिल पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था। इनमें तीन डोनर व दो मरीज शामिल थे, जिन्हें किडनी प्रत्यारोपित की गई थी। किडनी प्रत्यारोपण का यह काला धंधा जयपुर में चल रहा था।

**8 जून 2019:** किडनी रैकेट के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने दिल्ली से 13 लोगों को गिरफ्तार किया था, तब दिल्ली के पीएसआरआइ अस्पताल के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) डा. दीपक शुक्ला भी पकड़े गए थे। इसके अलावा दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल के कर्मचारियों से भी पूछताछ हुई थी।

## अपोलो में रोक के चलते यथार्थ में होता था बांग्लादेशियों का किडनी प्रत्यारोपण

### एनसीआर के अस्पतालों पर लगते रहे हैं किडनी रैकेट में शामिल होने के आरोप

राकेश कुमार सिंह • जागरण



ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित यथार्थ अस्पताल • जागरण

- लचर कानून की वजह से कार्रवाई से बच जाते हैं डाक्टर और अस्पताल प्रबंधन
- केवल बिचौलियों और नर्सिंग कर्मचारियों तक ही पहुंचती है जांच की आंच

**नई दिल्ली:** किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डा. डी विजया राजकुमारी ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट स्थित यथार्थ अस्पताल में बांग्लादेशी मरीजों का किडनी प्रत्यारोपण इसलिए करती थी, क्योंकि इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने किसी मामले में विवाद के बाद सरिता विहार स्थित अस्पताल में वर्ष 2019 में बांग्लादेशी मरीजों के किडनी प्रत्यारोपण पर रोक लगा दी थी। तब आरोपित सर्जन ने यथार्थ अस्पताल में विजिटिंग कंसल्टेंट बनकर सर्जरी करने लगी। सर्जरी से पहले मरीज की जांच इंद्रप्रस्थ अपोलो और एशियन अस्पताल में करवाती थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई देशों की तुलना में कई गंभीर बीमारियों का इलाज भारत में अच्छा है। यहां विशेषज्ञ डाक्टर के साथ ही इलाज भी सस्ता है। बांग्लादेश, नेपाल, अफगानिस्तान और अफ्रीकी देशों से मरीज किडनी ट्रांसप्लांट कराने भारत आते हैं। हाल के वर्षों में अवैध रूप से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के मामले में बांग्लादेशी नागरिकों के नाम सामने आए हैं। किडनी रैकेट न केवल एनसीआर बल्कि देश के कई बड़े शहरों में तेजी से पनप रहा है। बड़े अस्पतालों के डाक्टरों और अस्पताल प्रबंधन की भी इसमें मिलीभगत रहती है। जांच की आंच केवल बिचौलियों और अस्पतालों के नर्सिंग कर्मचारियों तक सिमट कर रह जाती है। एनसीआर में जब भी किडनी रैकेट का भंडाफोड़ हुआ तो कई नामी अस्पतालों और उनके डाक्टरों पर आरोप लगे, लेकिन लचर कानून और अस्पताल प्रबंधन की पहुंच के कारण कार्रवाई से बच गए। जांच एजेंसी की ओर से डाक्टरों और अस्पताल प्रबंधन को यह बताकर क्लीनचिट दे दी गई कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया, उन्हें भी कुछ समय बाद जमानत मिल गई। दोबारा धंधा शुरू कर दिया। उदाहरण के लिए वर्ष 2016 में दिल्ली के अपोलो किडनी रैकेट में दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस ने टी. राजकुमार राव को गिरफ्तार किया था। जमानत मिलने पर उत्तर प्रदेश में दोबारा धंधा शुरू कर दिया। जून 2019 में कानपुर पुलिस ने किडनी रैकेट के मास्टरमाइंड के तौर पर गिरफ्तार किया। पूछताछ में राव ने बताया था कि पैसों के लिए उसे अपनी भी किडनी बेचनी पड़ी थी। वर्ष 2004-05 में अवैध किडनी प्रत्यारोपण के लिए उसने खुद का गिरोह बना लिया था।

वर्ष 2008 में गुरुग्राम किडनी रैकेट के भंडाफोड़ से सुर्खियों में आए डा. अमित कुमार को वर्ष 2017 में देहरादून में दूसरी बार गिरफ्तार किया गया। पहले भी दो बार अलग-अलग शहरों में गिरफ्तार किया गया था। हर बार जमानत मिलती गई और कुछ समय के लिए भूमिगत रहकर वह फिर नए शहर में धंधा करता रहा। एक बार नेपाल भी भाग गया था। वर्ष 2013 में विशेष सीबीआइ अदालत ने अमित को 60 लाख रुपये जुर्माने के साथ सात साल कठोर कारावास दिया था, फिर भी वह यह काम करता रहा।

वर्ष 2021 में बेघर और जरूरतमंद लोगों को किडनी बेचने का लालच देने और एनसीआर में अवैध प्रत्यारोपण करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। दिल्ली और सोनीपत में छापे के बाद दिल्ली के एक निजी अस्पताल के डाक्टर सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन मामलों की जांच करने वाले पुलिसकर्मियों का कहना है कि अवैध रूप से डोनरों की मांग इस व्यापार को फायदे का सौदा बनाती है। विदेशी नागरिकों का एक बड़ा ग्राहक समूह भी है, जिनके पास किडनी का उपचार कराने के लिए काफी पैसे हैं। वर्ष 2018 में गुरुग्राम में किडनी खरीदने की कोशिश करते समय दो ब्रिटिश नागरिकों को हिरासत में लिया गया था और उनके पासपोर्ट जब्त किए गए थे।

## एक तिहाई किडनी प्रत्यारोपण करने वाला अपोलो अस्पताल फिर सवालों के घेरे में

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** राजधानी में किडनी रैकेट का नया मामला सामने आने से इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल एक बार फिर सवालों के घेरे में है। फिलहाल अस्पताल प्रशासन यह कहकर किडनी रैकेट के नए मामले से पल्ला झाड़ रहा है कि आरोपित डाक्टर ने दूसरे अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण किया, लेकिन इस अस्पताल के तार पहले भी किडनी रैकेट से जुड़ते रहे हैं। दिल्ली में अपोलो अस्पताल किडनी प्रत्यारोपण का सबसे बड़ा केंद्र है। दिल्ली में हर वर्ष जितने मरीजों की किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी होती है, उसमें से एक तिहाई से ज्यादा अकेले इस अस्पताल में होते हैं। हर वर्ष यहां 400-550 मरीजों की किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी होती है। नए आरोपों से अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी प्रभावित है। पिछले कुछ दिनों से रूटीन किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी नहीं हो रही है। हालांकि, इमरजेंसी किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी हो रही हैं।

जून 2016 में अपोलो अस्पताल में किडनी रैकेट का बड़ा मामला सामने आया था। तब दिल्ली पुलिस ने चार जून 2016 को पांच लोगों को किडनी रैकेट के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसमें अपोलो अस्पताल के दो कर्मचारी शामिल थे। ये दोनों कर्मचारी डाक्टरों के निजी सचिव थे। बाद में, इस मामले में और गिरफ्तारी हुईं। इस तरह कुल 17 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। तब नवंबर 2017 में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने करीब डेढ़ माह के लिए अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया था। पुलिस ने कई वरिष्ठ डाक्टरों से पूछताछ की थी, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई थी। पिछले दिसंबर में लंदन के अखबार दि टेलीग्राफ ने इस अस्पताल पर अंतरराष्ट्रीय किडनी रैकेट में शामिल होने का आरोप लगाया है। तब दावा किया गया था कि म्यांमार के गरीब लोगों से किडनी खरीदकर यहां मरीजों को प्रत्यारोपित की जाती थी।



इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल •

- नया मामला सामने आने के बाद अपोलो अस्पताल में नियमित किडनी ट्रांसप्लांट रुका
- 2017 में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने लाइसेंस डेढ़ माह के लिए किया था निलंबित

### वर्ष 2016 के बाद हुई सख्ती

वर्ष 2016 में इस अस्पताल में किडनी रैकेट का मामला आने के बाद सख्ती की गई। प्रत्यारोपण करने वाले अस्पतालों की छह सदस्यीय आथराइजेशन कमेटी में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को शामिल किया गया था। कमेटी में अब अस्पताल का सिर्फ एक डाक्टर शामिल होता है। जो रिश्तेदार और डोनर के बीच रिश्ता सत्यापित कर स्वीकृति देती है। बताया जा रहा है कि आरोपों से अस्पताल सतर्क था, ऐसे में, दूसरे अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण हो रहा था।

### नहीं थी अन्य अस्पताल में ट्रांसप्लांट सर्जरी की अनुमति

दिल्ली पुलिस की ओर से गिरफ्तार आरोपित डा. डी. विजया राजकुमारी इस अस्पताल की प्रमुख किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन में से एक थीं। वह इस अस्पताल में नियमित किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी करती थीं। बताया जा रहा है कि अस्पताल के अनुबंध के अनुसार डा. विजया किसी दूसरे अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण नहीं कर सकती थीं। वह अनैतिक रूप से दूसरे अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण कर रही थीं। प्रत्यारोपण से पहले कई मरीजों की आवश्यक जांच इसी अस्पताल में होती थी, लेकिन उनकी सर्जरी ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट के यथार्थ अस्पताल में की जाती थी।

## फर्जी दस्तावेज पर यथार्थ अस्पताल में होता था प्रत्यारोपण

मोहम्मद बिलाल • जागरण

- सीएमओ की अध्यक्षता में बनी समिति ने दी थी अंग प्रत्यारोपण की मंजूरी, कठघरे में अधिकारी
- समिति को दिए जाते थे फर्जी दस्तावेज, यथार्थ अस्पताल प्रबंधन की भूमिका भी जांच के दायरे में

**नोएडा:** अंतरराष्ट्रीय किडनी ट्रांसप्लांट गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद यथार्थ अस्पताल प्रबंधन के साथ ही गौतमबुद्ध नगर जिले का स्वास्थ्य महकमा भी कठघरे में है। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल की ट्रांसप्लांट सर्जन डा. डी. विजया राजकुमारी द्वारा किए गए अंग प्रत्यारोपण की अनुमति सीएमओ सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बनी समिति ने दी थी। गिरोह के सदस्य यह अनुमति फर्जी दस्तावेज पर समिति से ले रहे थे, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं टूटी। अब स्वास्थ्य विभाग जांच कराकर कार्रवाई करने का दावा कर रहा है।

जिले में सेक्टर-62 फोर्टिस अस्पताल, सेक्टर-128 जेपी अस्पताल, ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित यथार्थ अस्पताल, सेक्टर-26 स्थित अपोलो अस्पताल व सेक्टर-104 स्थित प्राइमा अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण होता है। ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट स्थित यथार्थ अस्पताल व प्राइमा अस्पताल को अंग प्रत्यारोपण के लिए समिति से अनुमति लेनी होती है। समिति के चेयरमैन गौतमबुद्ध नगर के सीएमओ हैं। समिति में एसीएमओ डा.ललित कुमार, फिजीशियन डा.वीबी ढाका, सर्जन डा.जीपी गुप्ता और अतुल कुमार भी शामिल हैं। जिलास्तरीय अंग प्रत्यारोपण समिति का कहना है कि मरीज और अंगदाता की वीडियोग्राफी कराई जाती है। अस्पताल और डाक्टर की ओर से उपलब्ध कराए गए मरीज व अंगदाता के जरूरी दस्तावेज की जांच के बाद ही अस्पताल को ट्रांसप्लांट के लिए एनओसी दी जाती है। ऐसे में समिति के साथ ही यथार्थ अस्पताल प्रबंधन की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

**यथार्थ ने नहीं बनाई प्रत्यारोपण की अनुमति देने के लिए समिति:** जिले के अस्पताल में 25 ट्रांसप्लांट कर लेने के बाद अस्पताल प्रबंधन प्रत्यारोपण की अनुमति देने के लिए स्वयं ही अपने डाक्टरों की समिति गठित कर सकता है, जिसमें एक सदस्य स्वास्थ्य विभाग का भी रहता है। लेकिन यथार्थ अस्पताल ने अपनी समिति गठित क्यों नहीं की, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। यथार्थ और प्राइमा अस्पताल में अब तक 119 अंग प्रत्यारोपण हुए हैं। इनमें से 12 प्राइमा अस्पताल में, जबकि 107 यथार्थ अस्पताल में हुए हैं। इसमें किडनी ट्रांसप्लांट के 15 आपरेशन यथार्थ अस्पताल में किए जाने का जांच एजेंसी ने दावा किया है। इसके अलावा लिवर, हृदय आदि का प्रत्यारोपण किया गया है। इसमें यथार्थ अस्पताल में जो ट्रांसप्लांट हुए, उनमें बांग्लादेश, अफगानिस्तान के अलावा अन्य देशों के मरीज शामिल हैं। सीएमओ ने मरीजों की गोपनीयता का हवाला देते हुए किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों की जानकारी देने से इन्कार कर दिया।

**पांच साल में कितने ट्रांसप्लांट हुए जिले के पास नहीं है रिकार्ड:** औद्योगिक नगरी हर वर्ष अंग प्रत्यारोपण के मामले में रिकार्ड बना रही है। खाड़ी देशों से प्रतिवर्ष 250 से अधिक लोग अंग प्रत्यारोपण के लिए यहां पहुंचते हैं। निजी अस्पताल की ओर से मंजूरी लेने के बाद इसका डाटा विभाग को साझा नहीं किया जाता है।

> डा. विजया राजकुमारी विजिटिंग डाक्टर के तौर पर यथार्थ अस्पताल में अपने मरीजों को देखती थीं। उन्हें अनुमति देने से पहले सभी नियमों और प्रोटोकाल का पालन किया गया था। **-यथार्थ अस्पताल प्रशासन**

### अफसर बोले, प्रैक्टिस के लिए जरूरी है शपथ पत्र

डिप्टी सीएमओ चंदन सोनी का कहना है कि जिले के अस्पताल में प्रैक्टिस के लिए स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अस्पताल में प्रैक्टिस की अनुमति से पहले इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन शपथ पत्र देता है। डा.विजया ने जिले में पंजीकरण कराया या नहीं, यह जांच के बाद स्पष्ट होगा। ऐसे में अस्पताल की ओर से भले ही महिला डाक्टर के विजिटिंग डाक्टर के तौर पर रखने की बात कही जा रही है, लेकिन पंजीयन नहीं मिलने पर अस्पताल प्रबंधन भी जांच के दायरे में आएगा।

## जयपुर-गुरुग्राम रैकेट में 14 गिरफ्तार, सरगना फरार

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम:** गुरुग्राम के सेक्टर-39 स्थित बाबिल गेस्ट हाउस में विगत पांच अप्रैल को किडनी प्रत्यारोपण का रैकेट पकड़ा गया था। वहीं, जयपुर में एक अप्रैल को फर्जी एनओसी और अवैध रूप से मानव अंगों के प्रत्यारोपण के मामले सामने आए थे। दोनों के तार आपस में जुड़े थे। इस मामले में गुरुग्राम और जयपुर में एसआइटी बनाकर जांच की जा रही है। जयपुर, कोलकाता और गुरुग्राम से अब तक 14 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसमें मरीज, डाक्टर, कमेटी मेंबर, दलाल और नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं, लेकिन इस रैकेट का सरगना मुर्तजा अंसारी पकड़ से दूर है। तीन महीने बाद भी गिरफ्तारी न होना, दोनों राज्यों की पुलिस पर सवाल खड़े करता है।



मुर्तजा अंसारी •

किडनी रैकेट की जांच के दौरान जयपुर पुलिस ने तीन मई को कोलकाता से मैडी सफर इंडिया लिमिटेड कंपनी के निदेशक सुमन जाना व दलाल सुखमय नंदी को गिरफ्तार किया था। रांची निवासी मुर्तजा इसी कंपनी में काम करता था। उसके बांग्लादेश में भी एजेंट थे। वह लोगों को किडनी प्रत्यारोपण के लिए भारत बुलाता था। सारा काला धंधा जयपुर में होता था। यहां फर्जी एनओसी के मामले में एसीबी जयपुर ने सवाई मान सिंह मेडिकल कालेज के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ईएचसीसी अस्पताल के आर्गन ट्रांसप्लांट को-आर्डिनेटर अनिल जोशी को लेनदेन करते पकड़ा था। जयपुर के फोर्टिस अस्पताल के आर्गन ट्रांसप्लांट को-आर्डिनेटर विनोद सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद मामला सामने आया और गुरुग्राम में कार्रवाई के बाद पांच बांग्लादेशियों को पकड़ा गया। अभी फिलहाल चार आरोपित जयपुर जेल में हैं। एक आरोपित महमूद सैयद अकब, जिसकी किडनी ट्रांसप्लांट नहीं हो पाई थी, उसे कोर्ट से जमानत मिल गई थी। मुर्तजा के लिए पुलिस कई बार रांची में छापेमारी की, लेकिन पकड़ा नहीं गया। उसके बांग्लादेश भागने की आशंका है।

### इस मामले में पुलिस ने कब और कहां से कीं गिरफ्तारियां

**1 अप्रैल:** फर्जी एनओसी के मामले में एसीबी जयपुर ने सवाई मान सिंह मेडिकल कालेज के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ईएचसीसी अस्पताल के आर्गन ट्रांसप्लांट को-आर्डिनेटर अनिल जोशी को लेनदेन करते पकड़ा। इसी दिन जांच के बाद फोर्टिस अस्पताल के आर्गन ट्रांसप्लांट को-आर्डिनेटर विनोद सिंह को भी गिरफ्तार किया गया।

**5 अप्रैल:** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, स्वास्थ्य विभाग व सदर थाना पुलिस टीम ने गुरुग्राम के सेक्टर 39 स्थित बाबिल गेस्ट हाउस में छापेमारी कर पांच बांग्लादेशियों को पकड़ा। इनमें किडनी डोनर शमीम मेहंदी हसन, हुसैन मोहम्मद और किडनी लेने वाले इस्लाम नुरुल, कोबीर मो. अहसानुल व महमूद सैयद अकब शामिल थे।

**10 अप्रैल:** एसीबी ने फोर्टिस के एक अन्य आर्गन को-आर्डिनेटर गिरिराज शर्मा को गिरफ्तार किया।

**3 मई:** जयपुर पुलिस ने बंगाल के कोलकाता से मेडी सफर इंडिया लिमिटेड कंपनी के निदेशक सुमन जाना व दलाल सुखमय नंदी को गिरफ्तार किया।

**10 मई:** फोर्टिस अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ भानू प्रताप को राजस्थान के बारां जिले से पकड़ा गया।

**11 मई:** फोर्टिस अस्पताल के सर्जन डा. संदीप गुप्ता और डा. जितेंद्र गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया।

### इनकी हो चुकी है पहचान

रांची के रहने वाले मो. मुर्तजा अंसारी, नेपाल के मोहन नेपाली, बांग्लादेश के सुलेमान और कंबोडिया के सू-सू नाम के आरोपितों की भी पहचान हो चुकी है।

> जयपुर में फर्जी एनओसी और अंग प्रत्यारोपण के मामले की जांच एसआइटी कर रही है। आरोपित मुर्तजा अंसारी की तलाश जारी है। जयपुर पुलिस जहां भी जरूरी होगा, वहां जाएगी। **-राजेश कुमार**, पुलिस प्रवक्ता, जयपुर

## पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन रहा विषैला घरेलू कचरा, सुरक्षित तरीके से नहीं हो रहा इसका निपटान

संजीव गुप्ता • जागरण

- गैर सरकारी संस्था टाक्सिक लिंक की रिपोर्ट में आया सामने
- दिल्ली, जयपुर, भोपाल, रांची और कोयंबटूर में किया गया था अध्ययन



**नई दिल्ली:** जानकर हैरत भले हो, लेकिन नेल पालिश की शीशी, पेंट और कीटनाशक के डिब्बे, सीएफएल बल्ब, एक्सपायर हो चुकी दवाएं, टूटे हुए पारे के थर्मामीटर, इस्तेमाल की गई बैटरियां, सीरिंज और सुई.. यह सभी घरेलू खतरनाक अपशिष्ट या कचरा पारिस्थितिकी तंत्र व मानव स्वास्थ्य दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

गैर सरकारी संस्था टाक्सिक लिंक द्वारा दिल्ली, जयपुर, भोपाल, रांची और कोयंबटूर में किए गए अध्ययन में पता चला है कि देश में तकरीबन 1,600 से 6,401 टन कचरा प्रतिदिन उत्पन्न होता है, जिसे स्रोत पर अलग नहीं किया जाता। इसलिए यह सुरक्षित तरीके से निपटान से बहुत दूर है।

अध्ययन के मुताबिक नगर निगम के ठोस कचरे की मात्रा के लगभग एक से चार प्रतिशत हिस्से में, जैव चिकित्सकीय (बायोमेडिकल) अपशिष्ट एवं अन्य त्यागे गए अप्रयुक्त और बचे हुए घरेलू उत्पाद शामिल हैं। यह सभी संक्षारक, प्रतिक्रियाशील, विषाक्त और ज्वलनशील होते हैं। हालांकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में बायो-डिग्रेडेबल (जैव-नष्ट होने योग्य), गैर-बायोडिग्रेडेबल (गैर जैव-नष्ट होने योग्य) और घरेलू खतरनाक कचरे के स्रोत को ही अलग करने का आदेश दिया गया है, तब भी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और जयपुर सहित देश भर के अधिकांश शहरों में ऐसा नहीं किया जा रहा है। दिलचस्प बात यह कि दिल्ली में नगर पालिका ठोस अपशिष्ट नियम 2016 भी लागू है, जिसमें कचरे को अलग न करने पर जुर्माना लगाने का प्रविधान है।

> अध्ययन, घरेलू खतरनाक अपशिष्ट के सुरक्षित संचालन और निपटान को सुनिश्चित करने, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को इसके प्रभाव से बचाने के लिए नीति निर्माताओं, अपशिष्ट संचालकों और आम लोगों सहित समस्त हित धारकों की ओर से तत्काल ठोस प्रयासों की आवश्यकता की ओर इशारा करता है। **-प्रीति बंठिया महेश**, प्रमुख शोधकर्ता, टाक्सिक लिंक

### अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष, दिल्ली ज्यादा लापरवाह

- आठ प्रतिशत लोग अपने खतरनाक कचरे को भी घरेलू कचरे के साथ फेंक देते हैं। दिल्ली में यह आंकड़ा सबसे ज्यादा 13 प्रतिशत है।
- करीब 53 प्रतिशत घर अभी भी नियमित कचरे के साथ पारा-आधारित थर्मामीटर फेंकते हैं।
- 50 प्रतिशत से ज्यादा घर नियमित कचरे के साथ ही फ्लोरोसेंट बल्ब और ट्यूबलाइट भी फेंकते हैं।
- हर शहर में खतरनाक घरेलू कचरे को संभालते समय चोट लगने की सूचना मिली है। इसका राष्ट्रीय औसत 31 प्रतिशत है, लेकिन 38 प्रतिशत अपशिष्ट कर्मचारी ऐसे कचरे को संभालने के तौर तरीकों तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले उसके प्रभावों के बारे में नहीं जानते थे। लगभग 10 प्रतिशत ने पीपीई किट का इस्तेमाल किया। दिल्ली में जागरूकता की कमी ज्यादा थी।
- 14 प्रतिशत अपशिष्ट कर्मचारियों को नियमित कचरे के साथ खतरनाक घरेलू कचरा इकट्ठा करने में कोई समस्या नहीं थी। इन कर्मचारियों का प्रतिशत दिल्ली में सर्वाधिक 26 है।
- 36.7 प्रतिशत अपशिष्ट कर्मचारी चाहते थे कि खतरनाक घरेलू कचरा उन्हें अलग से दिया जाए।

### अपशिष्ट पृथक्करण तकनीकों पर जागरूकता पैदा की जानी चाहिए

- उचित अनुपालन के लिए संग्रहण, परिवहन, उपचार और निपटान सहित घरेलू खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन के सभी पहलुओं को शामिल करने के लिए विनियामक अंतराल को कम किया जाए।
- सख्त प्रवर्तन के लिए नियामक एजेंसियों को सक्षम बनाया जाए ताकि प्रभावी निगरानी एवं आंतरिक-एजेंसी समन्वय का सुदृढ़ीकरण किया जा सके।
- घरों, व्यवसायों या अपशिष्ट प्रबंधन संस्थाओं के लिए खतरनाक घरेलू कचरा विनियमों का अनुपालन न करने पर दंड में वृद्धि की जानी चाहिए।
- मुख्य स्रोत पर उचित अपशिष्ट पृथक्करण तकनीकों पर जागरूकता पैदा की जानी चाहिए।
- घरों, अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कर्मचारियों में, खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए उत्पादों पर उचित लेबलिंग और सशक्त संदेश दिया जाना चाहिए।

> ठोस कचरा प्रबंधन अधिनियम 2016 में कचरा निस्तारण के नियमों का बहुत स्पष्ट उल्लेख है। नियमों का पालन न करने पर जुर्माने का भी प्रविधान है। लेकिन इन्हें सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों व स्थानीय निकायों की होती है। इसी स्तर पर लापरवाही बरती जाती है। दिल्ली भी इसका बड़ा उदाहरण है। ऐसे में यह भी सही बात है कि जब तक कचरे का निस्तारण ठीक से नहीं होगा, घरेलू कचरे के साथ मिलकर वह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों को नुकसान पहुंचाता रहेगा। **-डा. अनिल गुप्ता**, सदस्य, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण समिति

********

## हरियाणा में भाजपा का ब्राह्मण कार्ड, मोहन बडोली बने प्रदेश अध्यक्ष

**राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़:** हरियाणा में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। सोनीपत जिले की राई विधानसभा सीट से विधायक मोहन लाल बडोली को पार्टी ने प्रदेश का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह अब तक पार्टी में प्रदेश महामंत्री का दायित्व संभाल रहे थे।

सोनीपत लोकसभा सीट से चुनाव भी लड़े थे, पर हार गए थे। भाजपा हाईकमान ने उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाकर ब्राह्मणों को साधने का प्रयास किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि वाले मोहन को संगठन चलाने का पुराना अनुभव है।

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल की सिफारिश पर मोहन बडोली को नया प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। फिलहाल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार था। अब नायब सिंह सैनी संगठन के दायित्व से मुक्त हो गए हैं, जो अब सरकार के कार्यों पर पूरा ध्यान दे सकेंगे। मोहन ने तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी की टीम में प्रदेश महामंत्री के रूप में काम किया है।

# विस उपचुनाव में मतदान आज, पंजाब, बिहार, बंगाल पर नजर

### भगवंत मान की साख दांव पर, नीतीश की भविष्यवाणी की परीक्षा

**जागरण टीम, नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के महासमर के बाद बुधवार को पंजाब, हिमाचल, बिहार, मध्य प्रदेश, बंगाल, उत्तराखंड और तमिलनाडु में विधानसभा उपचुनाव में मतदान होगा। पंजाब की जालंधर वेस्ट और बिहार की रूपौली सीट की लड़ाई रोचक है। पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पूरी ताकत लगाई है, जबकि रूपौली में बिहार के सीएम नीतीश कुमार की भविष्यवाणी और राजद के बीच मुकाबला है। तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट पर सत्ताधारी डीएमके और एनडीए की सहयोगी पीएमके के बीच मुकाबला है। मतगणना 13 जुलाई को होगी।

पूर्णिया जिले की रूपौली विधानसभा सीट जदयू के पास थी, जो राजद से लोस चुनाव लड़ने के लिए विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के बाद खाली हो गई। वह पप्पू यादव से लोस चुनाव हार गईं। राजद के लिए बीमा भारती के सीट छोड़ते समय नीतीश कुमार ने भविष्यवाणी की थी कि जदयू से अलग होने के बाद वह विस चुनाव नहीं जीत सकती हैं। भारती के सामने जदयू के कलाधर मंडल हैं। बंगाल में बागदा, राणाघाट दक्षिण, मानिकतला व रायगंज विस सीटों पर कड़ी सुरक्षा में वोट पड़ेंगे। भाजपा की कड़ी परीक्षा है, क्योंकि 2021 में उसने राणाघाट दक्षिण, बागदा व रायगंज सीटें जीती थीं। मानिकतला सीट पर



तृणमूल जीती थी। मतुआ बहुल सीट बागदा में तृणमूल से मधुपर्णा ठाकुर, भाजपा से बिनय कुमार बिश्वास ताल ठोक रहे हैं। रायगंज में तृणमूल से कृष्ण कल्याणी, भाजपा से मानस कुमार घोष, मानिकतला में तृणमूल से सुप्ति पांडे, भाजपा से कल्याण चौबे व राणाघाट दक्षिण में तृणमूल से मुकुट मणि अधिकारी व भाजपा से मनोज कुमार बिश्वास मैदान में हैं। हिमाचल के राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों देहरा से होशियार सिंह, हमीरपुर से आशीष शर्मा व नालागढ़ से केएल ठाकुर के त्यागपत्र के कारण इन सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने इन तीनों को प्रत्याशी बनाया है। सीएम सुक्खू की पत्नी कमलेश देहरा से मैदान में हैं। हमीरपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी डा. पुष्पेंद्र वर्मा हैं। नालागढ़ से कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा और भाजपा के विद्रोही हरप्रीत सैनी भी मैदान में हैं।

### छिंदवाड़ा में वापसी की कोशिश में कांग्रेस

कांग्रेस विधायक कमलेश शाह के त्यागपत्र के बाद मप्र की अमरवाड़ा सीट पर उपचुनाव के परिणाम से तय होगा कि छिंदवाड़ा जिले में कांग्रेस वापसी करेगी या फिर झटका लगेगा। कमलेश अब यहां से भाजपा प्रत्याशी हैं और कांग्रेस ने धीरन शाह को प्रत्याशी बनाया है। पिछले दो विस चुनाव में कांग्रेस ने सभी सातों सीटों पर जीत हासिल की थी, लेकिन लोस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी नकुल नाथ को सभी विधानसभा सीटों पर हार मिली।

### भाजपा-कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला

चमोली की बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस से विधायक रहे राजेंद्र सिंह भंडारी के इस्तीफे और मंगलौर में बसपा से विधायक रहे हाजी सरबत करीम अंसारी के निधन के कारण उपचुनाव हो रहा है। बदरीनाथ में भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर आए राजेंद्र सिंह भंडारी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने लखपत सिंह बुटोला पर दांव लगाया है। मंगलौर में भाजपा ने करतार सिंह भड़ाना को टिकट दिया है। यहां से कांग्रेस के काजी मोहम्मद निजामुद्दीन व बसपा के उबेदुर रहमान लड़ रहे हैं।

# नीतीश के बाद कौन, पूर्व आइएएस में ढूंढा जा रहा उत्तर

अरुण अशेष • जागरण

**पटना:** हाल के वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर सबसे अधिक यह प्रश्न पूछा गया कि जदयू में उनके बाद कौन? बीते 10 वर्षों में जदयू में जब किसी का कद और पद बढ़ा, लोग उसे नीतीश नंबर दो मानने लगे। आरसीपी सिंह, प्रशांत किशोर, उपेंद्र कुशवाहा जब तक जदयू में रहे, उनके बारे में यही चर्चा होती रही। लेकिन समय ऐसा आया कि ये सब जदयू से अलग हो गए। हाल में राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा को दल का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया तो फिर चर्चा- यही हैं नंबर दो। बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी मनीष वर्मा को जदयू की सदस्यता दिला दी गई। जदयू की सामाजिक संरचना को देखते हुए मनीष को नंबर दो का स्वाभाविक दावेदार माना जा रहा है।



मनीष वर्मा • जागरण

- पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मनीष वर्मा ने ली जदयू की सदस्यता
- जदयू के कुर्मी-कुशवाहा समीकरण में माने जा रहे मजबूत

मनीष और आरसीपी में समानता यह है कि दोनों भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे हैं और उनका जुड़ाव नालंदा से है। मनीष वर्मा आरसीपी के उत्थान, महात्वाकांक्षा और परिणति के गवाह रहे हैं। इसलिए उनकी पुनरावृत्ति नहीं करेंगे। करीबी बताते हैं कि मुख्यमंत्री ने अतिरिक्त परामर्शी के रूप में अपने पास रखकर वर्मा को राजनीति का प्रशिक्षण दिया है। बीते लोकसभा चुनाव में उन्हें नालंदा से जदयू उम्मीदवार बनाने की चर्चा तेज थी। पिछले तीन साल से वह नालंदा में सक्रिय थे। लोकसभा चुनाव में भी उन्हें खास-खास क्षेत्र में वोट मांगने के लिए भेजा गया था। उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण पद दिया जा सकता है। यह संगठन महासचिव या संसदीय बोर्ड के चेयरमैन का पद हो सकता है। राज्यसभा में भी एक रिक्ति है। वह जदयू के मूल लव कुश समीकरण का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। राजद के माय की तरह कभी जदयू लव कुश (कुर्मी एवं कुशवाहा) समीकरण पर आश्रित था। बाद में अति पिछड़ों सहित अन्य सामाजिक समूहों में उसका विस्तार हुआ। कुल मिलाकर गैर-यादव पिछड़ों की गोलबंदी से ही जदयू को ऊर्जा मिलती रही है। इसलिए यह तय माना जा रहा है कि गैर-यादव पिछड़े या अति पिछड़े ही जदयू नेतृत्व के दावेदार हैं। अन्य समूहों की सहभागिता जरूरत पर आधारित रहेगी। इनमें सवर्ण भी हो सकते हैं। संगठन में सवर्ण का मजबूत प्रतिनिधित्व नजर आए, इसके लिए संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष का पद दिया गया है।

यह जरूरी है कि नंबर दो के साथ नीतीश कुमार सहज रहें। जरूरी यह भी है कि ऐसा नेता जदयू की राजनीतिक जरूरतों को समझें।

# कांग्रेस संगठन से अब कटेगा भूपेश के करीबियों का पत्ता

राज्य ब्यूरो • नईदुनिया

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस बड़ा बदलाव करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय बैठक में मंगलवार को जिलाध्यक्षों, विधायकों व जनप्रतिनिधियों के साथ हार के कारणों पर चर्चा हुई। साथ ही यह पूछा गया कि क्यों न इस प्रदर्शन पर पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। सूत्रों के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी संगठन से बाहर हो सकते हैं। वहीं, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव व



प्रदेश की राजधानी रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित एक बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख दीपक बैज सहित अन्य पदाधिकारी • नईदुनिया

नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत के चहेतों को जगह मिल सकती है।

बीते दिनों पार्टी के भीतर वाद-विवाद और अंर्तकलह की जो बातें सामने आई, उससे नई दिल्ली की फैक्ट फाइंडिंग टीम भी आश्चर्यचकित रही। टीम के सामने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार को भी हार के कारणों में शामिल किया गया। इन विषयों को लेकर पूर्व

- पूर्व मुख्यमंत्री सिंहदेव व नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के चहेतों को मिलेगी जगह
- कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिलाध्यक्षों, विधायक, जनप्रतिनिधियों की हुई बैठक

मुख्यमंत्री के करीबियों पर गाज गिर सकती है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता हुई बैठक में एक-एक जिलाध्यक्षों से सवाल-जवाब किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्षों को बदलने पर विचार विमर्श कर रही है, साथ ही राज्य स्तरीय पदाधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है।

# उप्र व बिहार में बाढ़ से मुसीबत



उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का भयावह दृश्य, जिसमें गांवों घुसा बाढ़ का पानी नजर आ रहा है • वीडियोग्रैब/प्रेट्र

- बिहार में 300 घरों में घुस गया बाढ़ का पानी
- उत्तर प्रदेश में वज्रपात से 10 लोगों की चली गई जान

**जागरण टीम, नई दिल्ली:** उत्तर भारत में मंगलवार को मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिले। उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार में जहां बाढ़ मुसीबत बनी, वहीं पहाड़ी राज्यों में धूप खिली। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में तो बाढ़ पीड़ितों को राहत देने के लिए सेना का सहयोग लेना पड़ा है। बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को सेना ने हेलीकाप्टर के माध्यम से निकाला। वर्षा से बरेली-पीलीभीत और शाहजहांपुर रेलखंड कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया। बिहार में लोगों के घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है।

नदियों में उफान से उत्तर प्रदेश में बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया। राप्ती, सरयू और शारदा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। पीलीभीत में निरंतर वर्षा और उत्तराखंड के वनबसा बैराज से छोड़े गए पानी से जिले के कई गांव डूब गए हैं। गांव बिनौरा ताल्लुके गजरौला में फंसे लोगों को निकालने के लिए सेना की मदद ली गई। बरेली से आए सेना के हेलीकाप्टर ने सात ग्रामीणों को बाहर निकाला गया। ये सभी छत पर शरण लिए थे। उत्तर प्रदेश के सीएम जायजा लेने बुधवार को पीलीभीत और लखीमपुर खीरी पहुंच सकते हैं। उत्तर प्रदेश में मंगलवार को कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। इस दौरान वज्रपात की घटनाओं में 10 लोगों की जान चली गई।

बिहार में नदियों के जलस्तर में मंगलवार को कई इलाकों में वृद्धि हुई तो कई जगहों पर कमी आई है। बेतिया के नौ गांवों के 300 घरों में बाढ़ का पानी घुसा है। नौतन के करीब 200 परिवार बाढ़ में घिरे हुए हैं। उनको सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचाने के लिए आपदा मित्रों की टीम लगाई गई है। मधुबनी में कमला बलान नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। वाल्मीकिनगर बराज से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से मोतिहारी के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कश्मीर में प्रचंड गर्मी ने फिर से पारा चढ़ा दिया है। श्रीनगर समेत घाटी के अधिकांश इलाकों में मौसम शुष्क रहा। श्रीनगर में अधिक तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू में मंगलवार को आधी रात के बाद भारी वर्षा हुई। इससे जनजीवन को काफी राहत मिली। हिमाचल में मंगलवार को वर्षा की चेतावनी के बीच अधिकतर स्थानों पर धूप खिली। मौसम विभाग ने कांगड़ा, मंडी, सोलन, सिरमौर, कुल्लू व शिमला जिलों में वर्षा होने का अलर्ट जारी किया था, लेकिन शिमला के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्थान पर वर्षा नहीं हुई। उत्तराखंड में एक हफ्ते बाद मंगलवार को भारी बारिश का क्रम कुछ धीमा पड़ा है। चमोली में बदरीनाथ हाईवे जोशीमठ से पहले जोगीधारा के पास मलबा आने से बाधित चल रहा है। उधर, बाढ़ के बीच नदी में डूबे दो व्यक्तियों के शव मंगलवार को बरामद कर लिए गए।

# बरेली में सौहार्द की मिसाल पेश, मुहर्रम के जुलूस के लिए हिंदुओं ने की पीपल की छंटाई

- पुलिस अधिकारियों के समझाने पर निपटा 60 वर्ष पुराना विवाद
- ताजिये निकालने के लिए खोदी जाती थी पांच फीट गहरी जमीन

**जागरण संवाददाता, बरेली :** उत्तर प्रदेश के बरेली में पुलिस अधिकारियों की पहल पर मिश्रित आबादी वाले जोगी नवादा के हिंदुओं ने सौहार्द की मिसाल पेश की। उन्होंने 60 वर्ष से चले आ रहे विवाद को खत्म करते हुए खुद ही पीपल के पेड़ की छंटाई कर दी। अब मुहर्रम के जुलूस में ताजिये आसानी से निकल सकेंगे। इससे पूर्व के जुलूस के दौरान सड़क पर पांच फीट गहरी जमीन खोदाई कर ताजिये निकाले जाते थे, ताकि पीपल के पेड़ में न अटक जाएं।

चकमहमूद और जोगी नवादा मुहल्लों में मुहर्रम के जुलूस या कांवड़ यात्रा के दौरान कई बार विवाद हो चुका है। जोगी नवादा में सड़क किनारे 60 वर्ष से पुराना पीपल का पेड़ है, उसी रास्ते मुहर्रम पर ताजियों का जुलूस निकलता है। पेड़ की टहनियां विशालकाय हो चुकीं, जो कि सड़क तक आती हैं। मुहर्रम का जुलूस निकालते समय ताजियों की ऊंचाई अधिक होने से पीपल के पेड़ में अटकने की स्थिति बनती रही। इस पर हिंदू पक्ष आपत्ति जताता था कि पीपल की पूजा करते हैं, इसलिए छंटाई नहीं होने देंगे। दूसरी ओर, मुस्लिम पक्ष ताजियों की ऊंचाई कम



पीपल की छंटाई के बाद टहनी को दिखाते लोग • सौ क्षेत्रवासी

> जनता ने सकारात्मक संदेश दिया है। मुहर्रम और कांवड़ को लेकर पूर्व में जहां कहीं विवाद हुए, उनके कारणों की समीक्षा कर समस्या का निदान कराया जा रहा है। इसमें जनता का भी पूरा सहयोग मिल रहा है।
> **-अनुराग आर्य,** एसएसपी, बरेली

करने को तैयार नहीं होता था। ऐसे में हर बार सड़क को पांच फीट तक खोदा जाता, ताकि ताजिये बिना पेड़ से टकराए निकल जाएं। इस बार एसएसपी अनुराग आर्य ने पहल की। इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने दोनों पक्षों से कई चरणों में बात की। एक छोटे से विवाद के बाद कानूनी कार्रवाई और नुकसान बताए। अलग-अलग दोनों पक्षों के साथ बैठकर कहा कि माहौल को सौहार्दपूर्ण बनाएं। शनिवार को हिंदू पक्ष राजी हुआ और पीपल के पेड़ की छंटाई कर दी, ताकि ताजिये आसानी से निकल सकें। बातचीत के बाद पुलिस वहां से लौट आई थी। हिंदू पक्ष के लोगों ने खुद छंटाई कर पुलिस को सूचना भेजी। दूसरी ओर मुस्लिम पक्ष ने कांवड़ यात्रा में सहयोग करने का आश्वासन दिया है।




करदाता ध्यान दें !

क्या आप विदेशी आस्ति /बैंक खाता, आदि के धारक हैं?

कृपया आई.टी.आर (ITR) में विदेशी आस्ति अनुसूची भरें

निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए आई.टी.आर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024

यदि आप

पिछले वर्ष के दौरान भारत में कर निवासी हैं, और / विदेशी आस्ति या बैंक खाते धारक हैं, या / पिछले वर्ष के दौरान विदेशी आय अर्जित की है

विदेशी आस्ति में शामिल हैं

- विदेशी बैंक खाता
- विदेशी नकद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिकी अनुबंध
- किसी इकाई/व्यापार में वित्तीय हित
- अचल सम्पत्ति
- विदेशी अभिरक्षक खाता
- विदेशी इक्विटी और ऋण ब्याज
- भारत के बाहर के ट्रस्ट, जिनमें आप ट्रस्टी, लाभार्थी या समझौताकर्ता हैं
- खाते, जिनमें आप हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत हैं
- अन्य कोई पूंजीगत आस्ति
- अन्य कोई विदेशी आस्ति जो धारित की गई है तथा जो अनुसूची एफ. ए. में निर्दिष्ट हैं

कृपया ध्यान दें

एक निवासी भारतीय को कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान किसी भी समय पर धारित की गई विदेशी आस्ति / खाते के लिए एफ.ए / एफ. एस. आई अनुसूची भरना अनिवार्य है

भले ही,

1. आपकी कोई कर योग्य आय नहीं हैं या आपकी आय मूल छूट सीमा के अन्तर्गत आती हैं
2. वही जानकारी किसी अन्य अनुसूची में दर्ज की गई है (जैसे अनुसूची ए.एल)
3. विदेशी या घरेलू आय के प्रकट स्रोतों से विदेशी आस्ति उत्पन्न/अर्जित की गई हैं

कृपया ध्यान दें : आई.टी.आर में विदेशी आस्ति / आय का खुलासा करने में विफल रहने पर काला धन, (अघोषित विदेशी आय और आस्ति) और कर अधिनियम 2015 का अधिरोपण करते हुए रूपये 10 लाख का जुर्माना लगाया जा सकता है, चाहे विदेशी आस्ति घोषित आय के स्त्रोत से अर्जित की गई हो।

अधिक सहायता के लिए, कृपया www.incometax.gov.in पर जायें

अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

आयकर विभाग
केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

@IncomeTaxIndia @IncomeTaxIndia.Official @IncomeTaxIndiaOfficial @IncomeTaxIndia.Official IncomeTaxIndia.gov.in

cbc 15401/13/0002/2425


*********


GNIOT GROUP OF INSTITUTIONS
Greater Noida, Delhi/NCR
COURSES OFFERED
B.TECH | M.TECH | MCA | MCA (INTEGRATED)* | PGDM | MBA
MBA (BUSINESS ANALYTICS) | MBA (INTEGRATED)
MBA (HEALTH CARE & HOSPITAL MANAGEMENT) | BBA | BCA
B.COM | B.COM (H) | B.SC.(CS) | D.PHARMA | B.PHARMA*
LL.B. | B.A. LL.B. | B.SC (NURSING) | GNM* | ANM
A+ GRADE NAAC GNIOT Engg. Institute
www.gniotgroup.edu.in
Toll Free Number
1800-274-6969
APPLY NOW

## प्रणाम

### चित्रकला प्रदर्शनी

- इंडिया हैबिटेट सेंटर में चित्रकार अर्चना झा की ओर से चित्रकला प्रदर्शनी – अंतर्मन। कनवेंशन सेंटर फायर, सुबह 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी 10 जुलाई तक लगी रहेगी।
- इंडिया हैबिटेट सेंटर में सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी। विजुअल आर्ट गैलरी, सुबह 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी 10 जुलाई तक लगी रहेगी।

**दैनिक जागरण कार्यालय**

**स्थानीय ब्यूरो**
प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

**प्रिय पाठकगण,**
आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं।

संपर्क करें : 8175813532
ईमेल : reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।
9873067812

## जनमत
### मुद्दा

**क्या एनसीआर के नगर निगमों के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर न होने की प्रमुख वजह राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है?**
अपनी राय और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए अपने मोबाइल के मैसेज बाक्स में जाकर MUDDAD लिखें, स्पेस देकर YES या NO लिखकर 57272 पर भेजें
muddad@jagran.com

## एक नजर में

### दो वाहन चोर गिरफ्तार

**दक्षिणी दिल्ली:** दक्षिणी जिला पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान आयानगर निवासी सूरज यादव और खिड़की एक्सटेंशन निवासी देवानंद के रूप में हुई है। पुलिस ने उनसे चोरी की दो बाइक बरामद की हैं। (जासं)

### 3.40 करोड़ का सोना बरामद

**नई दिल्ली:** आइजीआइ एयरपोर्ट के टर्मिनल तीन पर हांगकांग की उड़ान से पहुंचे भारतीय नागरिक से 5.5 किलो सोने के बिस्किट बरामद किए गए हैं। आरोपित इन्हें अपने सामान में छिपाकर लाया था। कस्टम विभाग आरोपित को गिरफ्तार कर आगे की जांच कर रहा है। (जासं)

# जलभराव से जूझते दिल्ली के थोक बाजार

## वर्षा और सीवर का पानी दुकानों में भर जाने से खराब हो गया सामान, बेबस नजर आए दुकानदार

**सदर बाजार, चांदनी चौक, भागीरथी पैलेस समेत अन्य बाजारों का हाल बुरा, नालियों की सफाई में खानापूर्ति होने से बिगड़े हालात**

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** वर्षा में हर बार दिल्ली के थोक बाजार जलभराव से बुरी तरह प्रभावित हो आ रहे हैं। पिछले माह हुई मानसून की पहली वर्षा में जहां सदर बाजार, चांदनी चौक, भागीरथ पैलेस, खारी बावली, दरियागंज, चावड़ी बाजार, कश्मीरी गेट समेत अन्य बाजारों की कई दुकानों में पानी भर गया था। मंगलवार को भी जब हल्की से मध्यम वर्षा हुई, तब भी सदर बाजार व चावड़ी बाजारों की दुकानों में पानी घुस गया, जिससे फिर दुकानों में रखा सामान खराब हो गया। यह इसलिए है, क्योंकि बाजारों में सीवर और नालियों की सफाई में खानापूरी की जाती है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित कमला मार्केट में जलभराव इतना हो गया कि यहां की दुकानों और गोदामों में पानी घुस गया। इस बाजार की मुसीबत दिल्ली जल बोर्ड के टूटे पाइपलाइन ने बढ़ाई है। यहां के दुकानदार राजेंद्र शर्मा के अनुसार, पीने की पाइपलाइन को टूटे 10 दिन से अधिक हो गए हैं, लेकिन उसे दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। जिसने इस वर्षा में मुसीबत बढ़ा दी।


फेडरेशन आफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन (फेस्टा) के महामंत्री राजेंद्र शर्मा ने कहा कि हर मानसून की यहीं स्थिति है, जब हल्की हो या तेज वर्षा, दुकानों में पानी जरूर घुसता है। यह इसलिए, क्योंकि सीवर व नालियों की सफाई नहीं होती है तो वर्षों से खराब सीवर लाइनों को बदला भी नहीं जा रहा है। वहीं, जब जलभराव से राहत मिलती है, तो सड़कों पर कीचड़ में चलना मुश्किल हो जाता है। उनके अनुसार, एक मानसून में कुछ नहीं, तो एक करोड़ रुपये का सामान केवल सदर बाजार के दुकानदारों का खराब होता है।

भागीरथ पैलेस के दुकानदार व दिल्ली इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शर्मा के अनुसार इस बाजार का बुरा हाल है। बिना वर्षा के ही इस बाजार की अधिकतर सड़कें जलभराव की स्थिति से दोचार होती हैं, क्योंकि सीवर की सफाई नाम मात्र की होती है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में हाल ही में स्थानीय सांसद प्रवीन खंडेलवाल से मुलाकात में भी उठाया था, जिस पर उन्होंने निस्तारण का आश्वासन दिया है।

चांदनी चौक में पिछली वर्षा में कई दुकानों में वर्षा व सीवर का पानी घुस गया था। जिसके चलते लाखों का कपड़ा खराब हुआ था। उसके बाद कई दिनों तक दुकानदार खराब साड़ियों व सूट को औने-पौने दाम में बेचते नजर आए थे। कश्मीरी गेट के व्यापारी विनय नारंग के अनुसार पुरानी दिल्ली की सीवर लाइनें काफी पुरानी है, जो कई जगहों से बंद है। साथ ही यहां जनसंख्या घनत्व काफी बढ़ गया है। उसके अनुरूप लाइनों के पाइप लाइन बदले नहीं गए हैं, जिसके कारण जलभराव की समस्या रहती है।


मंगलवार को वर्षा के कारण सदर बाजार में जलभराव हो गया, दुकानों में पानी भर जाने से दुकानदार खासे परेशान रहे ● हरीश कुमार


अजय शर्मा ●


राजेंद्र शर्मा ●

# अभियान चला उपभोक्ताओं को साइबर ठगी से बचाएगा डिस्काम

- बिजली काटने की धमकी देकर उपभोक्ताओं से की जा रही ठगी
- उपभोक्ताओं को बताया जाएगा सुरक्षित बिल भुगतान के बारे में

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** साइबर ठग बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने की धमकी वाले काल, ईमेल और मैसेज भेजकर लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। पिछले दिनों सफदरजंग एनक्लेव में एक बुजुर्ग डाक्टर से छह लाख की ठगी की गई। उपभोक्ताओं को इस तरह की ठगी से बचाने के लिए बिजली वितरण कंपनियों (डिस्काम) बीएसईएस और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) ने जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसमें विभिन्न माध्यमों से उपभोक्ताओं को सुरक्षित बिल के भुगतान के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

बिजली कंपनी के अधिकृत आनलाइन भुगतान विकल्पों जैसे उनकी वेबसाइट, मोबाइल एप, वाट्सएप, ई-वालेट जैसे माध्यमों से ही बिल का भुगतान करें।

**यहां करें शिकायत:** ठग मैसेज करे या ठगी के शिकार होने पर अविलंब डिस्काम और पुलिस/साइबर क्राइम सेल को जानकारी दें। इसके लिए टीपीडीडीएल 011-66757966 पर काल करें या फिर consumercare@tatapower-ddl.com पर ईमेल कर सकते हैं। उपभोक्ता बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) 19123 नंबर पर और बीएसईएस यमुना पावर लिमिट (बीवाईपीएल) 19122 नंबर पर काल करके या www.bsesdelhi.com पर भी शिकायत कर सकते हैं। वहीं साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी शिकायत की जा सकती है।



### इस तरह से करते हैं ठगी

- साइबर ठग अविलंब बिल भुगतान न करने पर बिजली काटने की धमकी देते हैं।
- एसएमएस या वाट्सएप मैसेज या ईमेल से फोन नंबर भेजकर उस पर काल करने या लिंक भेज भुगतान को कहते हैं।
- बैंक, क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड का विवरण या ओटीपी नंबर मांगते हैं। कोई मोबाइल एप डाउनलोड करने को भी कह सकता है। बिजली वितरण कंपनियां इस तरह का विवरण नहीं मांगती हैं।

### उपभोक्ता यह कभी न करें

- एसएमएस, वाट्सएप या ईमेल पर आए किसी भी अज्ञात लिंक को क्लिक न करें।
- संदेहास्पद फोन नंबर पर काल न करें।
- फोन, ईमेल या मैसेज से किसी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर बिल भुगतान के लिए कोई साफ्टवेयर या एप डाउनलोड न करें।
- बिल भुगतान के लिए फोन, इमेल या मैसेज पर दिए गए निर्देशों का पालन न करें।
- किसी भी व्यक्ति को ओटीपी या मोबाइल और वित्तीय सूचना से संबंधित कोई भी जानकारी नहीं दें।
- अज्ञात एप या संदेहास्पद फोन नंबर या लिंक के माध्यम से बिल का भुगतान न करें।

# एनसीआर का कुख्यात तस्कर सौ कछुओं के साथ गिरफ्तार


तस्कर से बरामद किए गए कछुए ● सौजन्यः पीएफए

**3500** से लेकर पांच हजार रुपये में बेचता था एक कछुआ


तस्कर भीम ● सौजन्यः पीएफए

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी कछुआ तस्करों का अड्डा बन रही है। तस्कर बंगाल, महाराष्ट्र व गुजरात से कछुए लाकर यहां बेचते हैं। सोमवार को पीपुल फार एनिमल्स संगठन (पीएफए) ने दिल्ली पुलिस की मदद से एनसीआर के कुख्यात कछुआ तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान यूपी के गढ़मुक्तेश्वर निवासी भीम के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से ब्लैक टेरापिन, इंडियन रूफ्ड, लागर समेत कई प्रजातियों के सौ कछुए मिले हैं। एक कछुए की कीमत 3500 से लेकर पांच हजार रुपये है।

पीएफए के एनिमल वेलफेयर आफिसर गौरव गुप्ता की शिकायत पर गीता कालोनी थाना पुलिस ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी की है। इसके साथी विजय नगर निवासी रवि भटनागर उर्फ तमंचा की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पीएफए का दावा है कि इससे पहले दिल्ली में इतनी संख्या में कछुए बरामद नहीं किए गए। गौरव ने पुलिस को बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि रवि व भीम एनसीआर में कछुओं की तस्करी कर रहे हैं, जबकि कछुओं को बेचना व खरीदना और उन्हें पालना गैर कानूनी है। एक सप्ताह पहले उन्होंने नकली ग्राहक बनकर भीम से संपर्क किया और सौ कछुए खरीदने की इच्छा जताई।

रवि ने उनसे कहा कि वह कुछ ही दिनों में सौ कछुओं का इंतजाम कर देगा। कछुओं की प्रजाति के अनुसार उसने कीमत बता दी। उसने गौरव गुप्ता को फोन करके मंगलवार को डिलीवरी देने के लिए गीता कालोनी फ्लाईओवर के पास बुलाया। इस बीच गौरव ने सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष सत्यवान लठवाल के नेतृत्व में टीम फ्लाईओवर के पास पहुंची। भीम तीन बोरियों में कछुए लेकर फ्लाईओवर के पास पहुंचा और गौरव को गिनवाने लगा, तभी पुलिस ने तस्कर को दबोच लिया।

# एम्स में सुरक्षा गार्डों के खिलाफ मरीजों से अभद्रता की बढ़ी शिकायतें

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** एम्स में बड़ी संख्या में सुरक्षा गार्ड मरीजों की मदद और अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किए गए हैं, लेकिन ये सुरक्षा गार्ड मरीजों को मदद कम उन्हें परेशान ज्यादा करते हैं। इस वजह से एम्स में सुरक्षा गार्डों के खिलाफ मरीजों से बदतमीजी की शिकायतें बढ़ गई हैं। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कई लोगों ने पोस्ट कर एम्स में सुरक्षा गार्डों की बदतमीजी की शिकायतें की हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी पहले कई बार एम्स, सफदरजंग व आरएमएल अस्पताल में सुरक्षा गार्डों के व्यवहार को लेकर सवाल उठा चुका है। पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया कई बार मरीजों से सुरक्षा गार्डों द्वारा गलत व्यवहार किए जाने का मामला उठा चुके हैं। इसके बावजूद एम्स में तैनात सुरक्षा गार्डों के व्यवहार में बदलाव नहीं हुआ। एम्स की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 13 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए करीब तीन हजार सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। दो सुरक्षा कंपनियां एम्स में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। बताया जा रहा है कि जब से नए मुख्य सुरक्षा अधिकारी आए हैं तब से सुरक्षा गार्ड ज्यादा निरंकुश हो गए हैं। एम्स के निदेशक डा. एम श्रीनिवास ने कहा कि गार्ड अस्पताल में मरीजों की मदद के लिए हैं। उन्हें मरीजों से अच्छा व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# एबीवीपी जेएनयू इकाई मंत्री से बदसलूकी, शिकायत की

- एसपीएस में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन स्थापित करने गई थीं इकाई मंत्री
- इकाई मंत्री ने लगाया आरोप, एसपीएस के डीन मशीन लगाने की नहीं दे रहे हैं अनुमति

उदय जगताप ● जागरण

**नई दिल्ली:** जेएनयू में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की इकाई मंत्री ने एक छात्र पर बदसलूकी और हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) में शिकायत की है। उन्होंने रेक्टर को भी शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

एबीवीपी जेएनयू इकाई मंत्री शिखा स्वराज ने बताया कि परिषद के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय के हर अध्ययन केंद्र में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन स्थापित कर रहे हैं। इसके लिए विभाग प्रमुख की मंजूरी ली जाती है।

मंगलवार को वह साथियों के साथ स्कूल आफ फिजिकल साइंस (एसपीएस) में मशीन लगाने के लिए गईं थीं, तभी एसपीएस की काउंसलर ने उनका विरोध किया। उनके साथ आए एक मित्र युवक ने उनसे अभद्रता और बदसलूकी की। उन्हें अंदर जाने से रोका और उनका हाथ पकड़कर मरोड़ दिया और बाहर कर दिया।

शिखा ने बताया कि युवक छात्रों को वेंडिंग मशीन न लगाए जाने और उसमें बाधा उत्पन्न किए जाने को लेकर उकसा रहीं थीं, जबकि उससे पहले एबीवीपी पांच स्कूलों एसआइएस, एससीआइएस, एसएलएस, एससीडीआर और एसईएस में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन लगा चुकी है, लेकिन एसपीएस के डीन उन्हें यहां मशीन लगाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। वे लोग सोमवार को डीन से भी मिले थे, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी। बैठक के बाद फैसला लेने की बात कही गई थी। अपनी मांग से वह छात्रों को अवगत करा रहीं थीं, तो उनके साथ बदसलूकी की गई।

शिखा ने कहा कि मैं रानी लक्ष्मीबाई के पदचिह्नों पर चलने वाली हूं और एबीवीपी के संस्कारों से पली एक कार्यकर्ता हूं, मैं इन हमलों से न तो डरने वाली हूं। छात्राओं को सहूलियत दिए बगैर अभियान नहीं रोकेंगे। मामले में एसपीएस के डीन प्रो. शोभन सेन से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। रेक्टर प्रो. सतीश गरकोटी से भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी।






# लंगड़ी और सांप सीढ़ी जैसे खेलों के कोर्स शुरू करेगा डीयू

उदय जगताप ● जागरण

**12** जुलाई को प्रस्तावित अकादमिक परिषद की बैठक में लिया जाएगा अंतिम निर्णय

- खेलों पर आधारित दो-दो क्रेडिट के शुरू किए जाएंगे दो कोर्स
- भारतीय जनजातियों पर आधारित कोर्स भी किया जाएगा शुरू

**नई दिल्ली:** डीयू छात्रों को मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखने के लिए नए मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम (वीएसी) कोर्स की शुरुआत करने जा रहा है। इनमें छात्र लंगड़ी, सांप सीढ़ी, त्रिपद दौड़ जैसे देसी खेलों में भाग लेंगे। इनको इंडिजेनस (देशज) और स्पोर्ट्स डायवर्सिटी और इन्क्ल्यूसिविटी पर आधारित दो कोर्स के जरिये खिलाया जाएगा। इनमें दिव्यांग छात्र और सामान्य छात्र एक साथ हिस्सा ले सकेंगे। डीयू की 12 जुलाई को प्रस्तावित अकादमिक परिषद की बैठक में इन पर मुहर लगाई जाएगी।

वीएसी समिति के अध्यक्ष और डीन प्लानिंग प्रो. निरंजन कुमार ने बताया कि कुलपति प्रो. योगेश सिंह के मार्गदर्शन में कोर्स को तैयार किया गया है। दो-दो क्रेडिट के दो कोर्स शुरू जाएंगे। उन्होंने कहा कि जैसे भोजन में अब पूरा समाज वीगन हो रहा है और मिलेट्स की ओर लौट रहा है। हमारी कोशिश देशज खेलों की ओर छात्रों को लौटाने और उन्हें उनका बचपन याद दिलाने की है। यह खेल भारतीय परंपरा का हिस्सा रहे हैं। खेलकूद के जरिये इन्हें उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। इससे छात्रों में नेतृत्व कौशल का विकास भी होगा।

देशज खेलों के तहत मैदान में छात्रों को लंगड़ी, जंजीर खेल, त्रिपद दौड़ और बाधा परिपथ, खजाना खोज, सांप सीढ़ी आदि खिलाए जाएंगे। यह चार सप्ताह के होंगे। दूसरा कोर्स खेल विविधता व समावेशिता का होगा। इसके तहत एरोबिक्स, सामूहिक योगासन व शारीरिक गतिविधियां कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य छात्रों में एक-दूसरे को लेकर सहानुभूति का भाव उत्पन्न करना है। इसके अलावा भारतीय जनजातियां नाम से एक कोर्स और शुरू किया जा रहा है। इसमें उत्तर-पूर्व, झारखंड, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश संपूर्ण भारत की जनजातियों के बारे में छात्रों को पढ़ाया जाएगा।



# डीयू के एक हजार से अधिक विद्यार्थी पूरी कर सकेंगे डिग्री

**1383** युवाओं के लिए डिग्री पूरी करने को एक साल की अवधि बढ़ाई गई

**जासं, नई दिल्ली:** डीयू के विभिन्न कालेजों व स्कूल आफ ओपन लर्निंग में डिग्री करने से पीछे रह गए युवाओं को एक और मौका दिया गया है। ऐसे 1383 युवाओं के लिए डिग्री पूरी करने को एक साल की अवधि और बढ़ा दी गई है। मंगलवार को हुई स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में छात्रों के आवेदन स्वीकृत किए गए।

डीयू में डिग्री के लिए छात्र को यूजी, पीजी के तय साल से दो वर्ष का अधिक समय दिया जाता है। यानी स्नातक तीन साल में कर रहा है, तो दो साल उसे और दिए जाते हैं। अगर छात्र इन वर्षों में डिग्री नहीं कर पाया, तो स्टैंडिंग कमेटी में उसे एक वर्ष की अतिरिक्त मोहलत को स्वीकार किया जाता है। मंगलवार को इन छात्रों को अवसर दिया गया। इनमें नियमित कालेज के 56 छात्र थे। इनमें 13 छात्र विधि के थे। इनके अलावा अलग-अलग कोर्स में एसओएल के 1,327 छात्रों को डिग्री पूरी करने का मौका दिया गया है।




********

## एक नजर में

### वाटिका बिल्डर पर पांच करोड़ का जुर्माना लगाया

नया गुरुग्राम : हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी ने वाटिका बिल्डर पर रेरा एक्ट के नियमों का उलंघन करने पर पांच करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। हरेरा के अनुसार वाटिका बिल्डर ने 2013 में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से वाटिका इंडिया नेक्स्ट प्रोजेक्ट विकसित करने के लिए लाइसेंस हासिल किया था। हरेरा 2017 एक्ट के अनुसार बिल्डर को तीन माह में रेरा पंजीकरण के लिए आवेदन करना था। किंतु बिल्डर ने एक्ट के लागू होने के पांच साल बाद 2022 में पंजीकरण के लिए आवेदन किया और वो भी हरेरा के संज्ञान लेने के बाद। नियमों के उलंघन के चलते हरेरा ने अब बिल्डर पर बड़ी कारवाई करते हुए पांच करोड़ का जुर्माना लगाया है। (संस)

### रजिस्ट्री के बाद मकान का कब्जा नहीं देने पर केस दर्ज

**गाजियाबाद** : अलीगढ़ के होशियार सिंह ने शास्त्रीनगर जे ब्लाक में सवा करोड़ रुपये में एक मकान दिसंबर में खरीदा था। दिल्ली की कमला नगर निवासी कुसुमलता गुप्ता ने रजिस्ट्री के बाद उनसे कहा कि मकान में उनका भाई रमेश रहता है जो शीघ्र ही खाली कर देगा। पीड़ित ने कई बार प्रयास किया, लेकिन उनका मकान खाली नहीं हुआ। उन्हें धमकी दी गई। अब कविनगर थाने में पांच लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने मकान में अपना सामान रखा था उसे रमेश गुप्ता ने लूट लिया है। बाद में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया। (जासं)

# झूठी शान में युवक की हत्या, शव जलाया

## पलवल की घटना, युवती के स्वजन ने पहले युवक का किया था अपहरण

**जागरण संवाददाता, पलवल:** झूठी शान के लिए युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। लड़की के स्वजन ने गांव जवां के रहने वाले गौरव का पहले अपहरण किया। फिर हत्या कर शव जला दिया। मुंडकटी थाना पुलिस ने लड़की के नाबालिग भाई, मां सहित तीन आरोपितों को पकड़ा है।

मंगलवार को डीएसपी पलवल विशाल कुमार ने बताया कि गांव जवां (फरीदाबाद) के निवासी मुकेश मलिक ने मुंडकटी थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके बेटे गौरव का एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन लड़की के स्वजन मान नहीं रहे थे। गौरव 30 मई को उस लड़की को मुंडकटी से ले गया था, जिसके संबंध में लड़की के स्वजन ने 31 मई को थाने में गौरव के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज कराया था। गौरव ने 30 मई को लड़की से आर्य समाज मंडल ट्रस्ट में विवाह कर लिया।

शादी के बाद गौरव लड़की के साथ गुरुग्राम में रह रहा था। 25 जून को घोड़ी गांव निवासी राजू, रविंद्र, रामजीत, सदरपुर गांव निवासी वीरेश, भूपेश, मोहित, रोहित, होडल घारम पट्टी निवासी भूपेंद्र, शाहपुर निवासी बच्चू अपने अन्य 10-12 साथियों के साथ कई गाड़ियों में आए और गौरव व उसकी पत्नी का अपहरण करके ले गए। आरोपितों ने गौरव की पत्नी को होडल स्थित अपने रिश्तेदार के यहां छोड़ दिया और गौरव की हत्या कर शव कहीं ले जाकर जला दिया। डीएसपी ने बताया कि एसपी चंद्रमोहन ने जांच की और अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए एसआइटी गठित की। एसआइटी ने मामले को सुलझाते हुए वारदात में शामिल लड़की के नाबालिग भाई एवं लड़की की मां सहित तीसरे आरोपित फरीदाबाद निवासी बच्चू (लड़की के पिता का दोस्त) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों ने पूछताछ में वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। गिरफ्तार महिला आरोपित को अदालत में पेश कर नीमका जेल भेज दिया गया है, जबकि नाबालिग को बाल सुधार गृह फरीदाबाद में रखा गया है। आरोपित बच्चू को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि फरार अन्य आरोपितों के बारे पता लगाया जाएगा।

## प्रेमिका से मिलने आए युवक को पीटकर मार डाला

- गांव चिताडूगरा में सोमवार की रात प्रेमिका को लेकर जा रहा था युवक, मामला दर्ज
- स्वजन को पता चलने पर लाठी-डंडों से पीटा, कुंड चौकी पुलिस मामले की कर रही जांच

**संवाद सहयोगी, जागरण● कुंड, खोड़ी:** गांव चिताडूगरा में सोमवार रात को प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी को युवती के स्वजन ने लाठी-डंडों से जमकर पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर युवती के स्वजन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले मृतक प्रेमी राजस्थान के अलवर जिले के गांव गिगलाना का रहने वाला था।



मृतक मोहित ● सौ. स्वजन

राजस्थान में अलवर जिले के गांव गिगलाना के रहने वाले मोहित का समीपवर्ती गांव चिताडूंगरा की रहने वाली एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। सोमवार रात को वह प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पर पहुंच गया। रात करीब 12 बजे मोहित युवती को बाहर लेकर जा रहा था। इसी दौरान घर में मौजूद युवती की दादी व दादा को पता चल गया। दादी ने शोर मचा दिया। उसके बाद युवती का चाचा व अन्य लोग भी आ गए। स्वजन ने मोहित को मौके पर ही पकड़ कर लाठी-डंडों से जमकर पिटाई करने के साथ ही युवक के स्वजन को भी सूचना दे दी।

सूचना के बाद युवक के पिता व ताऊ गांव चिताडूंगरा पहुंच गए तथा युवक को बाइक पर बैठाकर ले गए। रास्ते में मोहित की तबीयत खराब होने पर उसे कस्बा कुंड के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर गए। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेवाड़ी रेफर किया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। कुंड चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल भेज दिया। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया। मृतक के ताऊ ने बताया कि रात को युवती के स्वजन का उनके पास फोन काल आया था, जिसमें उन्होंने बताया कि मोहित उनके पास है, उसे ले जाओ।

युवती के स्वजन का आरोप था कि युवक उनकी बेटी पर गलत नजर रखता है। युवक के स्वजन का आरोप है कि मोहित को गंभीर चोटें मारी गई थीं, जिससे उसकी मौत हो गई। तीन भाई बहनों में मोहित सबसे बड़ा था। खोल थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के चाचा की शिकायत पर रविंद्र, दिनेश, शिव कुमार व पूर्ण सिंह व अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## बहन को पीटने से नाराज युवक ने सगे भाई की पीटकर कर दी हत्या

**जागरण संवाददाता, मोदीनगर** : भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव मुकीमपुर में सोमवार रात छोटे भाई ने लाठी से पीटकर बड़े भाई की निर्मम हत्या कर दी। बड़े भाई द्वारा बहन से मारपीट के चलते आरोपित उससे खुन्नस रख रहा था। आरोपित ने पहले भाई को शराब पिलाई। नशा होने पर लाठी से ताबड़तोड़ वार कर हत्या के बाद आरोपित भाग गया। पुलिस ने मंगलवार दोपहर आरोपित को पकड़ लिया। उसके कब्जे से खून से सनी लाठी बरामद हुई। पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है।



पुष्पेंद्र का फाइल फोटो ● सौ. स्वजन

मुकीमपुर गांव के पुष्पेंद्र (42) किसान था और खेतों पर मजदूरी भी करता था। घर में पिता सोमपाल व तीन बच्चे तुषार, यशु व शिवा के साथ रहते थे। पांच साल पहले घरेलू विवाद में पत्नी घर से चली गई थी। छोटा भाई भूपेंद्र ताऊ की बेटी रिंकी के यहां मेरठ रहता था। पिछले दिनों रिंकी और भूपेंद्र गांव में आए थे। यहां रिंकी और पुष्पेंद्र का विवाद हो गया, जिसमें पुष्पेंद्र ने रिंकी के सिर पर ईंट से वार कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। भूपेंद्र इसी बात से खुन्नस में था।

सोमवार शाम को भूपेंद्र मुकीमपुर गांव आया और पुष्पेंद्र को काल कर खेत के पास बुलाया। रात में पुष्पेंद्र के साथ शराब पी। जब पुष्पेंद्र नशे में धुत हो गया तो आरोपित ने लाठी से ताबड़तोड़ उसके सिर पर वार किये, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। खून से लथपथ हालत में पुष्पेंद्र को छोड़कर वह फरार हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुष्पेंद्र को देखकर सोमपाल को बताया।

सोमपाल ने तुरंत डायल 112 पर काल कर पुलिस को हत्या की सूचना दी। उधर, तीन बच्चे व पिता का पालन-पोषण पुष्पेंद्र की कमाई से ही होता था। भूपेंद्र बाहर ही रहता था। अब पुष्पेंद्र की मौत के बाद उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उधर, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि भूपेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई चल रही है। भूपेंद्र ने पूछताछ में रिंकी से मारपीट की खुन्नस में भाई की हत्या की बात कबूली है।

## निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में गिरकर बच्ची की हुई मौत

**संवाद सहयोगी, जागरण ●लोनी** : बार्डर थाना क्षेत्र की खुशी वाटिका कालोनी में मंगलवार सुबह तीन वर्षीय बच्ची अंशिका निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में गिर गई। स्वजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची निर्माणाधीन मकान में खेल रही थी, जहां सेप्टिक टैंक खुला हुआ था।



अंशिका का फाइल फोटो ● सौ. स्वजन

मूल रूप से बदायूं के प्रमोद, पत्नी लता और चार बच्चों के साथ खुशी वाटिका में रहते हैं। वह ट्रैक्टर चलाते हैं। उनके पड़ोस में मकान बन रहा है। मकान में पांच फीट गहरा टैंक बनाया गया है, जो खुला हुआ है। बेटी अंशिका खेलते-खेलते घर से बाहर चली गई। जब वह बाहर नहीं मिली तो तलाश की गई। पास में ही एक किराना की दुकान है। दुकान संचालक ने बच्ची के टैंक में गिरने की आशंका जताई। जब टैंक में बच्ची को तलाशा गया तो मिल गई। बच्ची को नजदीक चिकित्सक के पास ले जाया गया तो उसने जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रमोद ने बताया कि वह मंगलवार सुबह करीब 7.30 बजे घर से काम पर निकल गए थे। आधा घंटे बाद ही बच्ची के लापता होने की सूचना पत्नी ने दी। बच्ची के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।

उधर, मकान दो माह से बन रहा है। पड़ोसी मकान मालिक से सेप्टिक टैंक को कवर करने की मांग कर रहे थे लेकिन मकान मालिक ने उनकी मांग को अनसुना कर दिया।

Lowest Gold Rate In all over Delhi
₹66750* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all Items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

# उप्र पहली बार करेगा टैलेंट हंट की मेजबानी, 1500 बाक्सर लेंगे हिस्सा

दैनिक जागरण एक्सक्लूसिव

अंकुर त्रिपाठी, जागरण

- अगस्त के तीसरे सप्ताह से शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में होगा आयोजन
- देश के बाक्सर ग्रेटर नोएडा में दिखाएंगे प्रतिभा, चार रिंग में रोज होंगे 280 से अधिक मुकाबले

**ग्रेटर नोएडा:** उत्तर प्रदेश को पहली बार टैलेंट हंट की मेजबानी करने का मौका मिलेगा। अगस्त के तीसरे सप्ताह से शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में प्रतियोगिता शुरू होगी। टैलेंट हंट प्रतियोगिता में देशभर के 1500 से अधिक बाक्सिंग खिलाड़ी भाग लेंगे। टैलेंट हंट का आयोजन यूपी बाक्सिंग एसोसिएशन और बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया की देखरेख में होगा। यूपी बाक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रतिदिन 280 से अधिक बाउट खेले जाएंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो रिंग में बाउट होती हैं, लेकिन टैलेंट हंट में चार रिंग होगी। जीतने वाले खिलाड़ियों का राष्ट्रीय कैंप के लिए चयन होगा। वहीं जूनियर खिलाड़ियों का चयन विभिन्न अकेडमी करेंगी। 19 दिन तक यह प्रतियोगिता चलेगी, जबकि 200 रेफरी होंगे। टैलेंट हंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को रुकने की व्यवस्था खुद ही करनी होगी। पिछली बार यह प्रतियोगिता हरियाणा में हुई थी।



प्रमोद कुमार, महासचिव

**एक साल में हुई तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिता:** यूपी बाक्सिंग एसोसिएशन की देखरेख में जनपद में एक साल में तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हो चुकी है। बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया की ओर से लगातार उत्तर प्रदेश को मेजबानी मिल रही है। प्रदेश में खेल सुविधाएं बेहतर होने के कारण खिलाड़ियों का भी रुझान बाक्सिंग में बढ़ा है। दिसंबर 2023 में एलीट महिला राष्ट्रीय बाक्सिंग प्रतियोगिता और जनवरी 2024 में सब जूनियर बालक और बालिका की प्रतियोगिता हो चुकी है। उधर, सहारनपुर के विशुपाल और मेरठ के अनिरुद्ध ने सब जूनियर राष्ट्रीय बालक प्रतियोगिता में पदक हासिल किये थे। दोनों को जेएसडब्ल्यू अकेडमी ने ले लिया था। यूपी बाक्सिंग एसोसिएशन ने बताया कि अकेडमी ने उन्हें ओलिंपिक के लिए तैयार किया जा रहा है।

**अकेडमी अपने लिए चुनेंगे खिलाड़ी:** टैलेंट हंट प्रतियोगिता के दौरान देश की विभिन्न अकेडमी के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। जूनियर बालक और बालिका का चयन अकेडमी करेंगी। वह उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगे। अकेडमी खिलाड़ियों के रहने-खाने से लेकर उनके प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करेंगी।

SUMMER & WEDDING COLLECTION
Raymond
Linen, Cotton & Woollen
Formals, Casual & Party Wears
By Economy Sales: 9212758425
Latest Range of Designs & Colors
upto 60% off
GIFT PACKS AVAILABLE
BLAZER • SUIT
KURTA'S • SHIRT • TROUSER • T-SHIRT
Raymond PARK AVENUE ColorPlus parx ARROW
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing



FOR BOOKING, CALL 1800 100 6464 OR VISIT WWW.MGMOTOR.CO.IN | FOR BULK/ CORPORATE ENQUIRIES: corporate.sales@mgmotor.co.in

*All prices are ex-showroom India. All variants showcased are top models. Actual performance figures may differ in conditions other than test conditions. Vehicle body colour may differ due to the printing process. Images used in this ad are for representation purposes only. In view of our policy of continuously improving our products, we reserve the right to alter specifications, features and designs without prior notice and without liability. All variants are subject to availability. Please check details with your nearest MG dealer for the latest information. Accessories and features shown in the pictures may not be a part of standard equipment and will differ according to the variant. Available in select cities. ^T&C apply on all benefits & exchange offers. ₹2 Lakh benefit on Deep Golden colour only, all other colours have benefit of ₹1.5 Lakh, other colours have benefit of ₹50 000.

Delhi NCR: MG Motinagar (+91 7428384856, +91 9311399017), MG Safdarjung (+91 7758973353), MG Karol Bagh (+91 9117171819), MG West Prashant Vihar (+91 7428384888), MG Lajpat Nagar (+91 8448514093), MG Patparganj (+91 9999514321), MG Dwarka (+91 7428385835), MG Gurugram 32nd Milestone (+91 9711358888), MG Gurugram Golf Course Road (+91 7758973188), MG Mathura Road (+91 93190 97379), MG Ghaziabad (+91 9999514321), MG Faridabad (+91 9899483333), MG Noida (+91 9999514321), MG Noida Sector 63 (+91 9205080922), MG Greater Noida (+91 9205080922).

*********


HONDA
Adventure awaits you in
Switzerland
This July, buy a Honda car & stand a chance to win a couple trip.^
ASSURED PRIZE UP TO ₹75 000^
GIFT WITH EVERY TEST DRIVE
AMAZE
BENEFITS UP TO
₹96 000'
CITY e:HEV
BENEFITS UP TO
₹1 00 000'
ELEVATE
BENEFITS UP TO
₹65 000'
CITY
BENEFITS UP TO
₹88 000'
Models available through GeM & CSD. T&C Apply. For more information contact your nearest Honda dealership today.
Honda SENSING INTELLIGENT ADAS TECHNOLOGY
10 YEAR ANYTIME WARRANTY
Honda Auto Terrace
Honda ProCARE CUSTOMER SERVICE
8 YEAR WARRANTY LITHIUM ION BATTERY
SEAT BELTS FOR ALL SAFETY FOR ALL
CNG
Get Govt. approved Retrofitment CNG Kit on Amaze** at ZERO cost.
SOUTH DELHI
Crown Honda Mathura Road 7428496151
Samara Honda Lajpat Nagar 011-46555111 8826143300
Courtesy Honda Okhla 7669026618 011-40710000
EAST DELHI
Prime Honda Patparganj 8657589054
CENTRAL DELHI
Ring Road Honda Connaught Place 9891946042
WEST DELHI
Ring Road Honda Peeragarhi 8376805958 011-45520000
Moti Nagar 9911332218 9540992948
Dwarka 9891452000 9911323149
Samara Honda Mayapuri 011-45656565 9717556161
NORTH DELHI
Cherish Honda Rohini 8255008008
Courtesy Honda Wazirpur 9910985836 9717993611
NOIDA
Crown Honda Noida 0120-4700000 8527995500
Ace Honda Noida 0120-4000400 9999673820/50
GHAZIABAD
Crown Honda Vaishali 9810028116 0120-4363000
Ghaziabad 9599293870
GURGAON
Cherish Honda Gurgaon 7557323232 7065031891
Ring Road Honda Gurgaon, MG Road 0124-4688000 9643320215
Gurgaon, Sector-18 8376906990 9643335971
Frontier Honda Gurgaon 8657588907 7290023171
FARIDABAD
Classic Honda NIT 5 9910557206 8800116661
Main Mathura Road 0129-4097007 7428390952
REWARI
Pace Honda Rewari 8222991310
BHIWADI
Pink City Honda Bhiwadi 9868947168
SONIPAT
Malwa Honda Sonipat 9467800902 9467800912
MEERUT
Platinum Honda Meerut 9756799902 9897777736
HAPUR
Platinum Honda Hapur 9756799912 0122-2314201